RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

मिलते हैं लुधियानवी, जिससे पहली बार।
उससे ही कर बैठते, खड़े पैर ये प्यार।
खड़े पैर ये प्यार, जरा ना देर लगाते।
बहुत बड़े दिल-फेंक, वहीं दिल देकर आते।
कह साहिल कविराय, कमल आंखों के खिलते।
झट कर लेते प्यार, जहां भी जिससे मिलते।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 115 | TUESDAY DATE 19-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ईंधन बचत और सार्वजनिक परिवहन राष्ट्रहित की जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता



» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान के तहत राष्ट्रहित में किया गया छोटा-सा प्रयास भी देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक संतुलन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्रीमती गुप्ता ने आज 'मेरा भारत, मेरा योगदान' जन-अभियान के अंतर्गत शुरू की गई 'मेट्रो मंडे' पहल में भाग लिया और सार्वजनिक परिवहन, ईंधन संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक भागीदारी का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री की अपील पर दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों एवं सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने कार्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो रेल और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों का उपयोग किया। मुख्यमंत्री ने अपने दिन की शुरूआत आवास से लोक निवास में उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के लिए पैदल पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने इलेक्ट्रिक कार के माध्यम से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की और वहां से आईटीओ मेट्रो स्टेशन तक दिल्ली मेट्रो सेवा का उपयोग किया। आईटीओ मेट्रो स्टेशन पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय दिल्ली सचिवालय तक जाने के लिए फीडर बस सेवा का उपयोग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और रविन्द्र इंद्राज भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को यह संदेश देना है कि राष्ट्रहित में किया गया छोटा-सा प्रयास भी देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक संतुलन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की जो अपील की है, दिल्ली सरकार उसे जन-अभियान के रूप में आगे बढ़ा रही है।

### रेखा गुप्ता ने की 'मेट्रो मंडे' की शुरूआत, मेट्रो से पहुंचीं कार्यालय



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को 'मेट्रो मंडे' की शुरूआत की। इस पहल के तहत वे मेट्रो से दिल्ली सचिवालय स्थित अपने कार्यालय पहुंचीं। उनके साथ दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा और मंत्री इंद्राज सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान उनके साथ सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहे, जिनकी हर गतिविधियों पर नजर रही। मेट्रो से उतरने के बाद दोनों इलेक्ट्रिक बस से अपने कार्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री की ओर से किए गए इस पहल को 'मेरा भारत, मेरा योगदान' के तहत सार्वजनिक परिवहन, ईंधन संरक्षण और नागरिक भागीदारी की दृष्टि से अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के इसी आ'ान के बाद दिल्ली सरकार में कई मंत्रियों और अधिकारियों ने निजी वाहनों के बजाय मेट्रो से अपने कार्यालय पहुंचे। इससे उनकी निजी वाहनों के प्रति निर्भरता कम होगी, तो वहीं मेट्रो पर यात्रियों का भार बढ़ेगा। हालांकि, इस स्थिति से निपटने के लिए मेट्रो की ओर से कमर कसी जा चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें




### नीट पेपर लीक को लेकर एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश तक नीट पेपर लीक मामले पर विरोध प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनकारी छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर बैन लगाने की मांग की। एनएसयूआई के कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पेपर लीक की घटनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार बरती जा रही अनियमितताओं की वजह से लाखों विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'हमारी मांग बिल्कुल स्पष्ट है कि सबसे पहले एनटीए को बैन किया जाए और दूसरा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लिया जाए, क्योंकि लगातार हो रहे पेपर लीक की वजह से लाखों विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि छात्र पूरे साल परीक्षा की तैयारी करते हैं। लेकिन, अंत में उन्हें बताया जाता है कि पेपर लीक हो चुका है।

### पीएम मोदी का विदेश दौरा रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बड़ी उपलब्धिः सुधांशु त्रिवेदी

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिनमें स्वीडन का रॉयल ऑर्डर ऑफ द



पोलर स्टार भी शामिल है। उन्होंने भारत की विदेश नीति के फैसलों का बचाव करते हुए विपक्ष के रुख और अंतरराष्ट्रीय दौरों पर उठाए गए सवालों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के पहले चरणों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की यात्रा के दौरान संयुक्त अरब अमीरात ने भारत से यह करार किया है कि वह हमारे रणनीतिक तेल रिजर्व में तीन करोड़ बैरल की वृद्धि करेगा। इससे भारत का रणनीतिक तेल रिजर्व और अधिक मजबूत हो जाएगा। इसका मतलब कि हमारी तेल संबंधी ऊर्जा की समस्या और अधिक उपयुक्त और प्रभावी हो जाएगी। इसके साथ ही यूएई की कंपनी ने भारत में भी पांच बिलियन डॉलर के निवेश की भी घोषणा की है, जिससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के द्वारा भारत के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने ओपेक (पेट्रोलियम निर्यातक देशों का एक स्थायी अंतरसरकारी संगठन) से अलग कर लिया है। इसलिए यूएई अब स्वतंत्र रूप से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से जुड़े फैसलें ले सकता है। ऐसे में हम यूएई से बात करके, द्विपक्षीय बात करके, अपने तेल संकट की समस्या का समाधान खोजने की कोशिश कर सकते हैं। दूसरी बात, वहां से आने वाले मार्ग में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### छत्तीसगढ़ में जनसेवा केंद्र बनेंगे सुरक्षा कैंपः अमित शाह

» बस्तर, यूटर्न/ 18 मई।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'शहीद वीर गुण्डाधुर सेवा डेरा' जन सुविधा केंद्र के शुभारंभ के मौके पर कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सलमुक्त भारत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में जहां-जहां सुरक्षा कैंप बनाकर सिक्योरिटी वैक्यूम समाप्त किए थे, अब वहां कॉमन सर्विस सेंटर बनाए जा रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि आज का दिन सचमुच एक ऐतिहासिक दिन है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि महज छह महीनों के भीतर, यह केंद्र जो अभी केवल एक सरकारी पहल जैसा दिखता है, स्थानीय आदिवासियों की मौजूदगी और उनकी हंसी-खुशी से गुलजार, जीवन से भरपूर नजर आएगा। जिस जमीन पर मैं आज खड़ा हूं, वह अपने आप में भारत के हर नागरिक के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल है। यह शहीद वीर गुंडा धुर की जन्मभूमि और कर्मभूमि है। आज, उनसे प्रेरणा लेते हुए नेतानार कैंप (जो 2013 से एक सुरक्षा चौकी के रूप में काम कर रहा था) अब आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए समर्पित एक सेवा केंद्र में बदला जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आजादी देशभर में बहुत पहले ही आ गई थी, लेकिन हमारे बस्तर में 31 मार्च 2026 के बाद ही आजादी का सूर्य उदय हुआ है।

## सिंगला की गिरफ्तारी से सामने आया आप का एक नया काला चेहरा : सचदेवा

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।



दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बैंक घोटाले के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दीपक सिंगला की गिरफ्तार को लेकर 'आप' पर निशाना साधते हुए कहा है कि साफ-सुथरी राजनीति करने का दावा करने वाली पार्टी का आज एक नया काला चेहरा सामने आ गया है। श्री सचदेवा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वी दिल्ली से आप के विधायक सिंगला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बड़े बैंक घोटाले की जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया, जिसके कारण 'आप' का एक नया काला चेहरा सामने आ गया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन की राजनीति की ताल ठोक राजनीति में आई 'आप' के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित 'आप' नेताओं की रिश्वतखोरी की लूट अलग ही चर्चा में रही थीं लेकिन अब उनके काला धन से जायदादें खरीदने, कर चोरी के साथ ही बैंक ऋण धोखाधड़ी करने का घिनौना काला चेहरा भी सामने आया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 'आप' नेता सिंगला के करोड़ों रुपये के बैंक ऋण और फिर उस पैसे के गैर कानूनी के दुरुपयोग के मामले से दिल्ली वाले स्तब्ध हैं लेकिन किसी 'आप' नेता के आर्थिक अपराध का यह पहला मामला नहीं।

## योगी राज में माफियाओं का अंत
## 9 साल में 289 अपराधी एनकाउंटर में ढेर

**मेरठ में सबसे ज्यादा 97 अपराधी ढेर**

» लखनऊ, यूटर्न/ 18 मई।



उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पिछले नौ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस दौरान प्रदेशभर में 17,043 पुलिस मुठभेड़ हुईं, जिनमें 289 दुर्दांत अपराधी मारे गए, जबकि 34,253 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ों के दौरान 11,834 अपराधी घायल हुए। वहीं कार्रवाई के दौरान 18 पुलिसकर्मी शहीद और 1,852 पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ जोन में दर्ज की गईं। यहां 4,813 मुठभेड़ों में 97 कुख्यात अपराधी मारे गए, जबकि 8,921 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 3,513 अपराधी और 477 पुलिसकर्मी घायल हुए। कर्तव्य निर्वहन के दौरान दो पुलिसकर्मियों की मौत भी हुई। मुठभेड़ की कार्रवाई में मेरठ जोन पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। वाराणसी जोन इस सूची में दूसरे स्थान पर रहा, जहां 1,292 मुठभेड़ों में 29 अपराधी मारे गए और 2,426 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं आगरा जोन तीसरे स्थान पर रहा, जहां 2,494 मुठभेड़ों में 24 अपराधी ढेर किए गए और 5,845 अपराधियों को पकड़ा गया। आंकड़ों के अनुसार बरेली जोन में 21, लखनऊ जोन में 20 और गाजियाबाद कमिश्नरेट में 18 अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए।

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की कार्रवाई तेज, कोचिंग इंस्टीट्यूट का मालिक गिरफ्तार

» मुंबई, यूटर्न/ 18 मई।



नीट पेपर लीक मामले में एक और मुख्य आरोपी प्रो. शिवराज मोटेगांवकर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह लातूर के आरसीसी कोचिंग इंस्टीट्यूट का मालिक है। वह इंस्टीट्यूट चलाता है, जिसमें छात्रों को नीट यूजी परीक्षा के लिए कोचिंग दी जाती है। इसकी नौ शाखाएं हैं, जिनमें मुख्य शाखा लातूर में है। मोटेगांवकर रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) का लेक्चरर पीवी कुलकर्णी का करीबी है, जो एनटीए से जुड़े हुए हैं। उनके इंस्टीट्यूट और आवास पर की गई तलाशी में केमिस्ट्री का एक प्रश्न बैंक बरामद हुआ, जिसमें ठीक वही प्रश्न थे, जो 3 मई को हुई नीट में आए थे।

पिछले 24 घंटों में, सीबीआई ने विभिन्न स्थानों पर 5 जगहों पर तलाशी भी ली है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त की गई चीजों का विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है।

बता दें कि सीबीआई ने यह मामला 12 मई 2026 को उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज किया था, जो नीट यूजी 2026 परीक्षा के कथित पेपर लीक से संबंधित थी। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद विशेष टीमें बनाई गईं और पूरे देश में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई।

अब तक इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहिल्यानगर से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे पहले 9 आरोपियों को अदालत में पेश किया गया था और पुलिस हिरासत में लिया गया था, जिनसे गहन पूछताछ चल रही है।

# सीएम रेखा गुप्ता का 'मेट्रो मंडे' एक दिखावटी हथकंडा : देवेंद्र यादव

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।**



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार की 'मेट्रो मंडे' पहल को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह पहल आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि केवल प्रचार और फोटो खिंचवाने तक सीमित है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि सरकार को दिखावटी अभियानों के बजाय बढ़ती महंगाई और ईंधन कीमतों से राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में सीएनजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लोग पहले से ही महंगाई, परिवहन समस्याओं और जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। ऐसे समय में सरकार का ध्यान बुनियादी सुविधाओं और जनकल्याण से हटकर प्रचारात्मक गतिविधियों पर केंद्रित दिखाई दे रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के विस्तार में तेजी लाई जानी चाहिए और डीटीसी बसों की संख्या बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राजधानी में प्रतिदिन 65 से 71 लाख यात्री सफर करते हैं, लेकिन बसों की कमी के कारण लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है और भीड़भाड़ का सामना करना पड़ता है। देवेंद्र यादव ने कहा कि सरकार को लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुधारने और सार्वजनिक परिवहन को अधिक प्रभावी बनाने पर काम करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार भी पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार की तरह इवेंट मैनेजमेंट और प्रचार आधारित राजनीति कर रही है।

# भाजपा में शामिल होने से इनकार करने पर हुई दीपक सिंगला की गिरफ्तारी : केजरीवाल

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।**



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि गोवा में आप के सह प्रभारी दीपक सिंगला को इसलिए गिरफ्तार किया गया कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से इनकार किया है।

श्री केजरीवाल ने कहा कि श्री सिंगला को इसलिए गिरफ्तार नहीं किया कि उन्होंने कोई गलत काम किया है बल्कि इसलिए गिरफ़्तार किया है क्योंकि वह भाजपा के खिलाफ काम कर रहे थे और भाजपा में शामिल होने से मना कर दिया।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा , 'आज देश में नीट का पेपर लीक हो रहा है, पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दाम रोज बढ़ रहे हैं, रुपया डॉलर के सामने गिरता जा रहा , लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिर्फ.एक काम है - विपक्ष के नेताओं पर झूठे मामले लगाना और उन्हें गिरफ़्तार करना।

ईडी ने 'आप' नेता दीपक सिंगला को गिरफ्तार किया है क्योंकि वह गोवा में भाजपा के खिलाफ लड़ने वाला एक संगठन तैयार कर रहे थे। मेरा प्रधानमंत्री से कहना है कि आप चाहे हमारी पार्टी के कितने भी नेताओं को गिरफ़्तार करें, हम देश के हित के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने देखा कि बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ईडी का इस्तेमाल तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ किया था। चुनाव लड़ाने वाली एजेंसी 'आई पैक' में काम करने वाले लोगों को जेल भेज दिया गया और चुनाव से ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस का सारा डाटा ईडी के माध्यम से चुरा लिया गया।

जैसे ही चुनाव खत्म हुआ, वैसे ही उन सभी लोगों को जेल से रिहा कर दिया गया।

सुश्री आतिशी ने कहा कि यहां गोवा में सिर्फ बड़े नेताओं पर ही नहीं, बल्कि कई आम कार्यकताओं के घरों पर भी छापेमारी चल रही है। एक आम कार्यकर्ता या संगठन के प्रभारी पर यह छापेमारी सिर्फ और सिर्फ उनका चुनावी डाटा चुराने के लिए की जा रही है। ठीक वैसे ही, जैसे ईडी ने बंगाल में तृणमूल के साथ किया था। सारा डाटा चुराकर भाजपा को सौंप दिया, वही खेल आज गोवा में दोहराया जा रहा है। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कहा , 'ईडी सीबीआई और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को अपने पर्सनल गुंडों की तरह इस्तेमाल करके प्रधानमंत्री विपक्ष के नेताओं को चुनाव जीतने से रोक सकते हैं।

**सोनिया बत्रा नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय शेर सिंह बत्रा की पुत्री हैं। उन्होंने पिछले 4 महीना में हुई दो पारिवारिक परिस्थितियों और चुनौतियों से ऊपर उठकर चुनाव मैदान में उतरने का साहस दिखाया।**

# चुनाव बाद महंगाई बढ़ाकर गरीबों को चोट पहुंचाते हैं मोदी : खरगे

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव तक महंगाई और कीमतों से जुड़ी वास्तविक स्थिति छिपाते हैं और चुनाव खत्म होते ही गरीबों को नुकसान पहुंचाने वाले फैसले लेते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है और इसका सबसे अधिक खामियाजा देश के गरीब तथा आम लोगों को झेलना पड़ रहा है। श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाते तो भाजपा को इसका बड़ा राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता। इसी कारण सरकार ने चुनाव तक सभी बातों को देश से छिपाकर रखा लेकिन चुनाव समाप्त होते ही कीमतों में बढ़ोतरी कर दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार और श्री मोदी में दूरदर्शिता की कमी है और उनकी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है.



# छात्राओं को महिला विरूद्ध अपराध व सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

## छात्राएं गलत महसूस होने पर विरोध दर्ज कराएं, महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर ; इंस्पेक्टर रेखा

» **निर्मल सिंह**

पानीपत, यु-टर्न 18 मई ।पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेत्रत्व में जिला पुलिस महिला विरूध अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में मिसिंग पर्सन युनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर रेखा ने टीम के साथ सोमवार को खोजकीपुर, गोयला खुर्द, गोयला कला व बापौली गांव के सरकारी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, इसमें छात्राओं को महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे जागरूक किया। मिसिंग पर्सन युनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर रेखा ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर गलत बर्दाश्त न करें। जैसे ही महसूस हो कि गलत होने वाला है, विरोध दर्ज कराएं। पुलिस को सूचना दें। गलत करने वालों का शुरू में विरोध करें। इससे उसका मनोबल नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों को लेकर पुलिस बहुत ही संवेदनशील है। कानून में इन अपराधों को लेकर कठोर नियम व सजा का प्रावधान है, इसलिए अपने भविष्य को सुरक्षित रखते हुए इनसे बचें व अन्य लोगों को भी इस प्रकार के अपराधों से बचाएं। पुलिस सदैव सुरक्षा के लिए तत्पर है, इसलिए किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना पुलिस को बिना किसी देरी व बिना किसी झिझक के अवश्य दें। समाज सुरक्षा में पुलिस का योगदान दें। अपराधों को लेकर सदैव सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के लोभ व लालच में न आएं। इंस्पेक्टर रेखा ने बैड टच, गुड टच व सेल्फ डिफेंस के बारे में भी जानकारी दी। दुर्गा शक्ति एप के बारे विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को बताया गया कि स्कूल, कॉलेज के बाहर दुर्गा शक्ति की टीमें निरंतर गश्त पर रहती है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप उनसे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती है। छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप अपने या परिजनों के फोन में इनस्टॉल करके उसका प्रयोग करने की अपील भी की गई।

# शराब नीति मामले में सीबीआई की पुनर्विचार याचिका और अवमानना मामले के लिए दो बेंच गठित

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।**




**गौरतलब है कि आकबारी नीति से जुड़े सीबीआई के मामले में ट्रायल कोर्ट ने 1,100 से ज्यादा पैराग्राफ वाले अपने फैसले में केजरीवाल और सिसोदिया समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया था।**

दिल्ली आकबारी नीति से जुड़े सीबीआई मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई की उस याचिका पर सुनवाई के लिए नई बेंच का गठन किया है, जिसमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों को आरोपमुक्त करने के फैसले को चुनौती दी गई है।

अदालत ने यह निर्णय तब लिया जब जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने खुद को इस मामले की सुनवाई से अलग कर लिया। मामले की सुनवाई अब जस्टिस मनोज जैन की बेंच द्वारा की जाएगी। बता दें कि 14 मई को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने एक विस्तृत आदेश जारी करते हुए कहा कि जब उन्होंने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार कर दिया, तो उनके खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो और सार्वजनिक बयान दिए गए, जो निष्पक्ष आलोचना और आपराधिक अवमानना के बीच की सीमा को पार कर गए। जस्टिस शर्मा ने कहा कि अवमानना करने वालों ने न केवल असहमति व्यक्त की, बल्कि इस मौजूदा जज के खिलाफ ही नहीं, बल्कि पूरी न्यायपालिका के खिलाफ बदनामी का अभियान चलाया।

वहीं, इस प्रकरण से जुड़े एक अन्य मामले, जिसमें अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज समेत अन्य नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना का मामला चल रहा है, उसकी सुनवाई के लिए भी हाईकोर्ट ने अलग बेंच गठित की है।

इस अवमानना मामले की सुनवाई जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस रविंदर डुडेजा की खंडपीठ करेगी। बताया जा रहा है कि इन दोनों महत्वपूर्ण मामलों पर दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी, जिस पर हर किसी की नजरें टिकी हुई हैं।

गौरतलब है कि आकबारी नीति से जुड़े सीबीआई के मामले में ट्रायल कोर्ट ने 1,100 से ज्यादा पैराग्राफ वाले अपने फैसले में केजरीवाल और सिसोदिया समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया था।

कोर्ट ने कहा था कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों से पता चलता है कि अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति एक सलाह-मशविरे और सोच-विचार वाली प्रक्रिया का नतीजा थी और अभियोजन पक्ष कोई बड़ी साजिश साबित करने में नाकाम रहा।

दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी पुनर्विचार याचिका में सीबीआई ने आरोप लगाया है कि उस समय की आप नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार द्वारा बनाई गई आबकारी नीति में कुछ चुनिंदा शराब व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए हेर-फेर किया गया था, जिसके बदले में उन्हें रिश्वत मिली थी



# किराये पर गाड़ी लेकर राहगीरों से करते थे लूटपाट , पांच आरोपी गिरफ्तार

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 18 मई।**

ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर पुलिस ने लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों से लूटपाट और टैक्सी चालकों से मोबाइल व कैश छीनने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त दो कारें, कैश, दो तमंचे, कारतूस और तीन चाकू बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित सिंह, दीपांशु, तरुण ठाकुर, नवाब भाटी उर्फ संदीप भाटी और मोहित राजपूत के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को सेक्टर ईटा-01 के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह नोएडा, ग्रेटर नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में रात के समय सक्रिय रहता था और राह चलते लोगों को लिफ्ट देने के बहाने अपनी कार में बैठाकर उनसे मारपीट कर मोबाइल, नगदी और अन्य कीमती सामान लूट लेता था। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि आरोपी टैक्सी चालकों को निशाना बनाने के लिए अपनी गाड़ियों को जानबूझकर लहराते हुए चलाते थे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# चुनाव में चर्चित चेहरा बनीं सोनिया बत्रा, लेकिन उम्मीद के मुताबिक नहीं मिले वोट

**सोनिया बत्रा नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय शेर सिंह बत्रा की पुत्री हैं। उन्होंने पिछले 4 महीना में हुई दो पारिवारिक परिस्थितियों और चुनौतियों से ऊपर उठकर चुनाव मैदान में उतरने का साहस दिखाया।**

» **राजेश सलूजा**



हरियाणा, यूटर्न/ 18 मई। उकलाना नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में एक चर्चित चेहरा बनकर उभरीं। चुनावी मैदान में उनकी सक्रियता, जनसंपर्क और सीधी टक्कर की चर्चा पूरे चुनाव के दौरान होती रही, लेकिन चुनाव परिणाम उनके पक्ष में नहीं आए और उन्हें उम्मीद के मुताबिक मत हासिल नहीं हो सके।

चुनाव के बाद सोनिया बत्रा का एक संदेश लोगों के बीच काफी चर्चा में रहा – 'चुनाव हारे हैं, हौसला नहीं।' अब शहर में यह चर्चा शुरू हो गई है कि उनके इस संदेश के पीछे क्या भविष्य की कोई नई राजनीतिक रणनीति या सामाजिक सक्रियता छिपी हुई है। कई लोग मान रहे हैं कि आने वाले समय में उकलाना की राजनीति में सोनिया बत्रा कुछ अलग भूमिका में दिखाई दे सकती हैं।

सोनिया बत्रा नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय शेर सिंह बत्रा की पुत्री हैं। उन्होंने पिछले 4 महीना में हुई दो पारिवारिक परिस्थितियों और चुनौतियों से ऊपर उठकर चुनाव मैदान में उतरने का साहस दिखाया। चुनाव के दौरान सहानुभूति और भावनात्मक समर्थन की चर्चा जरूर रही, लेकिन यह समर्थन वोटों में पूरी तरह तब्दील नहीं हो पाया।

राजनीतिक रूप से भी सोनिया बत्रा सक्रिय मानी जाती हैं। वह जननायक जनता पार्टी में प्रदेश स्तर पर दायित्व निभा रही हैं तथा उनका संपर्क दुष्यंत चौटाला परिवार से भी जुड़ा हुआ माना जाता है।

हालांकि चुनाव परिणाम उनके पक्ष में नहीं रहे, लेकिन चुनाव के दौरान जिस प्रकार उन्होंने अपनी पहचान बनाई, उससे यह साफ है कि उन्होंने उकलाना की राजनीति में अपनी अलग मौजूदगी दर्ज करवा दी है। अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि आने वाले समय में सोनिया बत्रा किस नई भूमिका में नजर आएंगी।

# भोजशाला पर उच्च न्यायालय के फैसले से करोड़ों लोगों की आस्था को मिला सम्मान : डॉ. कमल गुप्ता

» **हरियाणा, यूटर्न/ 18 मई।**



भाजपा जिला कार्यालय में आज पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों से उनके समाधान करवाए।

इस दौरान मध्यप्रदेश के धार स्थित भोजशाला को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने इसे करोड़ों देशवासियों की आस्था और सनातन संस्कृति की विजय बताया। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि भोजशाला केवल एक इमारत नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत, आस्था और ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय का यह फैसला सत्य, इतिहास और श्रद्धा के पक्ष में आया एक महत्वपूर्ण निर्णय है, जिससे करोड़ों लोगों की भावनाओं को सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि देश की प्राचीन धरोहरों और धार्मिक स्थलों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। भारतीय संस्कृति सदैव सहिष्णुता, अध्यात्म और सभ्यता की प्रतीक रही है तथा ऐसे निर्णय समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और गौरव की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में देश की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों को और अधिक सम्मान तथा संरक्षण प्राप्त होगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने भी भोजशाला मामले में आए फैसले का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।




# कारवां- ए -अदब शायरों की अदबी संस्था द्वारा मासिक साहित्यक कार्यक्रम आयोजित

» **निर्मल सिंह विर्क**

पानीपत, यूटर्न/ 18 मई। कारवां -ए -अदब शायरों की अदबी संस्था का मासिक साहित्यिक कार्यक्रम किसान फूड जंक्शन ओल्ड कुंजपुरा रोड़ पर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता कवि कृष्ण कुमार निर्माण ने की, मुख्य अतिथि कवयित्री रोजलीन रही, विशिष्ट अतिथि स. गुरमुख सिंह वड़ैच रहे। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था संरक्षक प्रसिद्ध व वरिष्ठ कवि डॉ. महावीर प्रसाद शास्त्री के आशीर्वचनों से हुई। काव्य की शुरूआत करते हुए कवि डॉ महावीर प्रसाद शास्त्री ने कहा ओछे नेताओं के पीछे महाकवि की चादर ओढ़े, इक शायर को देख कलम ये आज रो रही नीले आंसू, अध्यक्षता कर रहे कवि कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा छल रहा है अब आदमी को आदमी, देख उस पर ये आदमी की सादगी, मुख्य अतिथि कवयित्री रोजलीन ने कहा एक तहदार इन्द्रधनुषी रंगों का फैलाव, जिस पर तिनका भर चांद नवजात शिशु सा मुस्कुराता है, विशिष्ट अतिथि गुरमुख सिंह वड़ैच ने बड़े शायर की गजल पेश करते हुए कहा नजरें उठाके देखिए जर्जर मकान पर, जाएगी उम्र ऐसे ही सब की ढलान पर, कवि दलीप खरेरा ने कहा सूरत- ए -हाल ऐसी, पिघलती हुयी शमा जैसी, पूछती हैं ख्वाहिशें कहो तबीयत है कैसी, वरिष्ठ शायर इकबाल पानीपती ने कहा टूट जाता है हालात की चोट से, लाख पत्थर का कर ले जिगर आदमी, वरिष्ठ कवि प्रेम पाल सागर ने कहा बेचते वो मौत का सामान है पगले, खुद को कहते कौम का निगहबान है पगले, युवा शायर रामेश्वर देव ने कहा अब याद करना तुझ को आदत सी हो गई है, इस दिल पे जब तेरी इनायत सी हो गई है, मंच संचालन कर रहे कवि भारत भूषण वर्मा ने कहा आज नशे में डूबता भूषण सभ्य समाज, कौन सुने उपदेश को, खत्म हुई है लाज, कवि नरेश लाभ ने कहा देशभक्ति में कवियों का, सदा समर्पित प्राण रहा, अनगिन वेदनाएं सही, वीरों का गुणगान किया, वरिष्ठ शायर हरबंस पथिक ने कहा आईने में देखा जो खुद को गौर से, मुझ को हर इंसान अपने आप से बेहतर लगा, युवा शायर धर्मेन्द्र अरोड़ा मुसाफिर ने कहा रोशनी तब मयस्सर हुई, जब अंधेरा घना हो गया.

# इंडस्ट्रियल एरिया पनकी में सफल चौकी प्रभारी विकास वर्मा का परिश्रम, दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

» **सुनील बाजपेई**



कानपुर, यूटर्न/ 18 मई। पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में भी अग्रणी पनकी थाने की इंडस्ट्रियल एरिया .चौकी पुलिस की निरंतर सक्रियता ने वाहन गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता प्राप्त कर ली।

जानकारी के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह बिष्ट के कुशल नेतृत्व में यह महत्वपूर्ण सफलता इंडस्ट्रियल एरिया के चौकी प्रभारी विकास वर्मा को मिली। हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटर साइकिल समेत दोनों शातिर वाहन चोरों अपचारी लकी गौतम पुत्र राकेश गौतम, कृष्णा बाल्मीक पुत्र राजेश बाल्मीक निवासी कच्ची बस्ती मायापुरम नहर किनारे थाना गुजैनी को गिरफ्तार करने वाली इस टीम में सब इंस्पेक्टर रामबाबू अनुरागी, हेडकांस्टेबल प्रदीप कुमार, रिक्रूट अतुल यादव, प्रदीप कुमार मालान, विष्णु प्रसाद शर्मा आदि भी शामिल रहे।

अवगत कराते चलें कि इन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने के रूप में जिस इंडस्ट्रियल एरिया चौकी पुलिस को यह महत्व पूर्ण सफलता मिली । आजकल उसकी कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल सब इंस्पेक्टर विकास वर्मा के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू चौकी प्रभारी विकास वर्मा के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। इसी के साथ विभाग में लगभग 10 साल से अधिक की सराहनीय सेवाओं के अनुभवी सब इंस्पेक्टर विकास वर्मा की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले सरल और शालीन स्वभाव के चौकी प्रभारी विकास वर्मा की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। अब वह अपनी टीम के साथ अन्य अपराधियों की तलाश में भी जुटे हैं।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर मॉक ड्रिल का आयोजन, सुरक्षा स्थिति का किया गया मूल्यांकन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर सोमवार को संयुक्त आतंकवाद-रोधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें कई खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने हिस्सा लिया। इस तरह के अभ्यास के आयोजन का मुख्य मकसद यह था कि किसी भी संकट की स्थिति का सामना कैसे किया जाए। साथ ही, यदि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति पैदा होती है, तो उससे प्रभावी तरीके से निपटकर यात्रियों के लिए सुरक्षित माहौल कैसे सुनिश्चित किया जाए। इन्हीं सभी परिस्थितियों की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से एयरपोर्ट पर आतंकवाद-रोधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का आयोजन डीआईजी, सीएसओ और एएसजी की देखरेख में किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इस अभ्यास में दिल्ली पुलिस, सीआईएसएफ, एनएसजी, बीडीडीएस, डीएफएस, डीआईएलएल, बीसीएएस और एएआई जैसी खुफिया एवं सुरक्षा एजेंसियों ने हिस्सा लिया। सभी एजेंसियों ने यह सुनिश्चित किया कि अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हो। अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती गई। पूरा अभ्यास निर्धारित रूपरेखा के अनुरूप संपन्न हुआ। अभ्यास समाप्त होने के बाद इसे सफल बताया गया। इस अभ्यास का मकसद यह भी था कि यह आकलन किया जा सके कि मौजूदा समय में ये एजेंसियां कितनी कारगर हैं और क्या वे किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इन्हीं पहलुओं का परीक्षण करने के लिए इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बता दें कि दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर समय-समय पर इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित की जाती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन करना होता है, ताकि भविष्य में किसी भी संकट की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# 'पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी' : बृजलाल बहबलपुरिया

**'युवाओं के भविष्य और जनता के हितों से खिलवाड़ बंद हो' : बृजलाल बहबलपुरिया**

» **हरियाणा, यूटर्न/ 18 मई।**



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी हिसार (ग्रामीण) द्वारा जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ी हुई कीमतों तथा नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया और उपायुक्त महोदय के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल नीट परीक्षा का पेपर लीक होना देश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। इस घटना ने लगभग 22 लाख विद्यार्थियों और उनके परिवारों के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं सामने आना इस बात का प्रमाण है कि देश में संगठित पेपर लीक माफिया सक्रिय है, जो युवाओं के सपनों को कुचलने का काम कर रहा है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। एक ओर देश का युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं दूसरी ओर भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के कारण उनका मनोबल टूट रहा है।

बृजलाल बहबलपुरिया ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर भी भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर आम जनता पर महंगाई का बोझ डालने का काम किया है। पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर परिवहन, कृषि, उद्योग तथा रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं पर पड़ता है। इससे गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी और मध्यम वर्गीय परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने लगातार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी कर आम जनता की कमर तोड़ने का काम किया है।

# गोवा में आम आदमी पार्टी के नेता पर ईडी की कार्रवाई को लेकर आप का केंद्र सरकार पर हमला

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** दिल्ली और गोवा में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि विपक्षी दलों को डराने और उनकी राजनीतिक गतिविधियों को रोकने के लिए ईडी, सीबीआई और अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल में ईडी और सीबीआई को 'हथियार' बनाकर इस्तेमाल किया, उसी तरह अब पंजाब और गोवा में भी एजेंसियों के जरिए राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। आतिशी ने कहा कि गोवा में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और इसी वजह से बीजेपी ने अपने 'वफादार एजेंट' ईडी को वहां भेजा है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के गोवा सह-प्रभारी दीपक सिंगला के आवास समेत गोवा में कई पार्टी स्वयंसेवकों के घरों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। आतिशी का आरोप है कि यह कार्रवाई सिर्फ कार्यकताओं को डराने के लिए नहीं बल्कि पार्टी के संगठनात्मक डेटा और रणनीति हासिल करने की कोशिश भी है। वहीं, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी नेताओं को चुनाव जीतने से रोकने के लिए ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का इस्तेमाल अपने 'पर्सनल गुंडों' की तरह कर रहे हैं।

# अप्रैल की बरसात भी कम न कर सकी प्रदूषण, दिल्ली में और मैली हुई यमुना; मल-मूत्र से फैली गंदगी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।

तमाम दावों के बावजूद दिल्ली में यमुना स्वच्छ होने के बजाय और मैली हुई है। अप्रैल में रिकॉर्ड बारिश के बावजूद प्रदूषण कम नहीं हुआ। यह खुलासा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की ताजा रिपोर्ट में हुआ है। 7 अप्रैल को लिए गए नमूनों में अधिकांश हिस्सों में पानी अत्यंत प्रदूषित पाया गया है। कई स्थानों पर जलीय जीवन के लिए स्थिति अनुकूल तक नहीं पाई गई है।

हाल के वर्षों में दिल्ली में अप्रैल का महीना सबसे अधिक बारिश वाला रहा है, लेकिन इस ज्यादा बारिश से यमुना को साफ करने में ज्यादा मदद नहीं मिली है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि यमुना और मैली हुई है।

7 अप्रैल को लिए गए जल नमूनों के आधार पर जारी रिपोर्ट में नदी के अधिकांश हिस्सों में पानी अत्यंत प्रदूषित पाया गया है। कई स्थानों पर



जलीय जीवन के लिए स्थिति अनुकूल तक नहीं पायी गई है। प्रत्येक माह यमुना की जल गुणवत्ता की रिपोर्ट डीपीसीसी जारी करता है। इसके लिए पल्ला, वजीराबाद, आईएसबीटी ब्रिज, आईटीओ ब्रिज, निजामुद्दीन ब्रिज, हिंडन कट, ओखला बैराज और असगरपुर आठ स्थानों से नदी के जल के नमूने लेकर जांच की जाती है। बीओडी, घुलित आक्सीजन (डीओ), रासायनिक आक्सीजन मांग (सीओडी), पीएच और फीकल कोलीफॉर्म जैसे मानकों की जांच कर प्रदूषण स्तर का आकलन किया जाता है।

अप्रैल की रिपोर्ट में इनमें से पांच स्थानों पर फीकल कोलीफॉर्म के स्तर में मामूली सुधार दर्ज किया गया है लेकिन सभी स्थानों पर यह स्तर निर्धारित सीमा से अधिक है। पानी में फीकल कोलीफार्म का स्तर प्रति 100 मिलीलीटर अधिकतम 500 सर्वाधिक संभावित संख्या (एमपीएन) होना चाहिए। इसका स्तर 2,500 एमपीएन से अधिक होने पर पानी उपयोग योग्य नहीं रह जाता।

रिपोर्ट के अनुसार, पल्ला और वजीराबाद क्षेत्रों को छोड़कर यमुना के लगभग सभी प्रमुख स्थानों पर घुलित ऑक्सीजन (डीओ) का स्तर शून्य पाया गया है। इसका मतलब है कि इन इलाकों में मछलियों और अन्य जलीय जीवों के जीवित रहने की संभावना नहीं है। वहीं, जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और रासायनिक ऑक्सीजन मांग (सीओडी) भी मानकों से कई गुना अधिक दर्ज की गई है, जो अत्यधिक प्रदूषण की पुष्टि करता है।

### असगरपुर क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक

आईटीओ ब्रिज, आईएसबीटी ब्रिज, निजामुद्दीन ब्रिज, ओखला बैराज और अन्य डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा बेहद अधिक पाई गई, जो सीधे तौर पर सीवेज के बिना उपचारित पानी के नदी में मिलने को दर्शाता है।

कुछ स्थानों पर यह स्तर लाखों एमपीएन प्रति 100 मिलीलीटर तक पहुंच गया, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है।

## कुत्ता बेचने के नाम पर आईओसी की मैनेजर से 2.26 लाख रुपये की ठगी

» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 18 मई।



फेसबुक पर एड देखकर तीन हजार रुपये का पालतू कुत्ता खरीदना एक तेल कंपनी की सीनियर मैनेजर को भारी पड़ गया। ठगों ने मैनेजर से तीन हजार के कुत्ते के बदले 2.26 लाख रुपये ठग लिए। ठगी का पता चलने पर पीड़िता ने इंदिरापुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन (आईओसी) में सीनियर मैनेजर अंजू शांडिल्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें अपने घर के लिए पालतू कुत्ते की जरूरत थी। इसके लिए पिछले दिनों जब वह ऑनलाइन सर्च कर रहीं थीं तभी उनकी नजर फेसबुक पर कुत्ता बेचने वाले एड पर पड़ी। एड सतीश शॉप के नाम से था।

उन्होंने दिए नंबर पर कॉल कर कुत्ते के बारे में जानकारी ली। महिला को कुछ कुत्तों के फोटो भी भेजे गए। एक कुत्ता पसंद आने पर उसकी कीमत पूछने पर ठग ने तीन हजार रुपये बताए। कुत्ता पसंद आते ही महिला ने ठग के बताए हुए खाते में एक हजार रुपये एडवांस के तौर पर ट्रांसफर कर दिए। ठग ने अगले दिन बचे हुए दो हजार रुपए भी मांग लिए।

मैनेजर का आरोप है कि पैसे देने के बावजूद आरोपी ने उन्हें पैसा न मिलने की शिकायत की। उसने महिला को कुत्ता नहीं भेजा। बाद में तरह-तरह के बहाने बनाकर ठगों ने महिला मैनेजर से रुपये ऐंठने शुरू कर दिए। करीब 2.26 लाख रुपए जालसाजों ने अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। आरोप है कि जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने कुत्ता डिलीवरी होने के बाद पैसा भी लौटाने की बात कही।

मैनेजर से जालसाज रुपयों की लगातार मांग कर रहे हैं। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि साइबर सेल मामले की जांच में जुटी है। जिन खातों में पैसे भेजे गए हैं, उनका विवरण जुटाया जा रहा है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज उत्पीड़न का आरोप, पति और ससुर गिरफ्तार

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 18 मई।



ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र अंतर्गत जलपुरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला दहेज उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या करने का सामने आया है।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है। मृतका की पहचान दीपिका पुत्री संजय निवासी ग्राम कुड़ी खेड़ा, थाना बादलपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, दीपिका की शादी लगभग 14 महीने पहले जलपुरा गांव निवासी ऋतिक पुत्र मनोज के साथ बड़े धूमधाम से हुई थी। परिजनों का कहना है कि शादी में फॉर्च्यूनर गाड़ी समेत करीब एक करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दीपिका को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मृतका के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने ससुराल पक्ष पर दीपिका की हत्या करने का आरोप लगाया। घटना की जानकारी मिलने पर थाना ईकोटेक-3 पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। मामले में मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दीपिका दहेज उत्पीड़न से परेशान थी और उसने घर की छत से कूदकर जान दे दी। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति ऋतिक और ससुर मनोज को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## दूध के दो रुपये पर विवाद: पड़ोसी ने किराना दुकान में लगाई आग, सामान राख

» लोनी, यूटर्न/ 18 मई।



लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की संगम विहार कॉलोनी में दूध के पैकेट पर दो रुपये अधिक मांगने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी ने दुकान में आग लगा दी। आग से दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

संगम विहार निवासी दुकानदार मनोज कुमार ने बताया कि घर में ही उनकी किराना की दुकान है। 15 मई को पड़ोसी ब्रहतम दूध लेने आया था। कंपनी की ओर से दाम दो रुपये बढ़ने के कारण मनोज ने दो रुपये अतिरिक्त मांगे। इसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। इसी बीच ब्रहतम के पिता नेपाल सिंह भी दुकान पर पहुंच गए और गाली-गलौज कर हाथापाई करने लगे। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों और सभासद ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि रात करीब 11 बजे नेपाल सिंह का बेटा छोटू अपने साथी विक्की के साथ आया और दुकान में आग लगा दी। शोर सुनकर पड़ोसियों ने पानी डालकर आग बुझाई, लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था।

## कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी, घायल



**साहिबाबाद, यूटर्न/ 18 मई।** राजबाग मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। अन्नू गुप्ता निवासी सिकरोड़ ने बताया कि आठ मई को वह दिल्ली से बाइक पर घर आ रहे थे। जैसे ही वह राजबाग मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे। तभी गलत दिशा में आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गए और बाइक व मोबाइल फोन टूट गए। घटना के बाद आसपास के लोग आ गए। लोगों को आता देख कार सवार मौके से भाग गया। मामले की शिकायत उन्होंने पाइप मार्केट पुलिस चौकी में शिकायत की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वह कार्रवाई के लिए चार दिनों तक पुलिस चौकी के चक्कर काटते रहे। इसके बाद वह पुलिस के अधिकारियों से मिले। एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## साइबर ठगों ने सीनियर सिटीजन के खाते में दो लाख रुपये निकाले

» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 18 मई।



वैशाली की महागुण मोजेक सोसायटी में रहने वाले सीनियर सिटीजन को झांसे में लेकर ठगों ने खाते में करीब दो लाख रुपये डलवा लिए। ठगों ने सीनियर सिटीजन कार्ड के फायदे बताकर झांसे में लिया था। ठगी होने पर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस जिन खाते में पैसे गए हैं उनकी जांच कर रही है।

विष्णु दत्त शर्मा (66) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 अप्रैल को उनके मोबाइल फोन पर एक मैसेज मिला। मैसेज में लिखा था कि वह सीनियर सिटीजन हैं और वह सीनियर सिटीजन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्ड के बहुत फायदे हैं। मैसेज में उन्हें कार्ड के फायदे बताकर झांसे में लिया। ठगों द्वारा दिए गए लिंक को उन्होंने क्लिक कर लिया। लिंक के माध्यम से उन्होंने ऑनलाइन ही कॉर्ड के लिए आवेदन कर दिया। 24 अप्रैल को उनके पास एक कॉल आई, जिसमें बताया गया कि उनका आवेदन स्वीकार कर लिया गया।

कॉलर ने उनसे डेबिट कार्ड नंबर, जन्मतिथि, सीवीवी या एम पिन साझा करने को कहा, लेकिन एम पिन या सीवीवी नंबर साझा नहीं किया। आरोपी ने जाल में फंसाकर पीड़ित से नया एम पिन जनरेट करने के लिए कहा और नया पिन पीड़ित से मांग भी लिया। इसके तुरंत बाद ही पीड़ित के खाते से जालसाजों ने दो लाख रुपयों को ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने ओटीपी साझा नहीं किया, लेकिन इसके बावजूद उनके खाते से दो लाख का ट्रांजेक्शन कर लिया गया।

पीड़ित ने जब साइबर सेल कौशांबी थाना से जांच कराई तो वहां पर उन्हें बताया गया कि उनके नौ ट्रांजेक्शन के माध्यम से पैसे निकाले गए। उनके पैसे कोलकाता की इंडसइंड बैंक शाखा के एक खाते में स्थानांतरित की गई। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### गाजियाबाद में लागू हो सकता है वर्क फ्रॉम होम

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मई।** प्रदेश स्तर श्रम विभाग की बैठक के बाद बड़ें संस्थानों में दो दिन वर्क फ्रॉम होम के निर्देश के बाद गाजियाबाद में भी इसकी तैयारी की जा रही है। इस मामले में प्रशासन स्तर पर आदेश भी जारी किया जा सकता है। ईंधन बचाने को लेकर जिलाधिकारी ने पहले ही सभी अधिकारियों को कम वाहन के प्रयोग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भी सिर्फ एक कार लेकर चलने का फैसला किया है। जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ ने बताया कि अभी वर्क फ्रॉम होम के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि तैयारी पूरी है। लोगों के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है। देशहित में आए निर्देशों का पालन किया जाएगा।

#### प्राइवेट सेक्टर में लागू होगा नियम

जानकारी के अनुसार प्रशासन स्तर पर इस नियम को प्राइवेट संस्थानों पर लागू करने की तैयारी की जा रही है। इसमें शुक्रवार और शनिवार को कर्मचारियों को घर से कार्य के लिए कहा जा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड के दौरान लोगों ने वर्क फ्रॉम होम किया है। ऐसे में इस स्थिति में किसी को दिक्कत नहीं होगी। दूसरी तरफ पेट्रोल और डीजल की खपत को लेकर भी नजर रखी जा रही है। इसमें काला बाजारी और स्टॉक करने वालों पर कार्रवाई हो सकती है।

### तीन साल की बच्ची की मौत, हत्या का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मई।** वेव सिटी क्षेत्र के अंतर्गत तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची के ताऊ व दादी ने पिता और उसकी प्रेमिका पर मासूम की हत्या करने का आरोप लगाया है। ताऊ का कहना है कि बच्ची के पिता व उसकी प्रेमिका ने ही गला दबाकर उसकी हत्या की है। एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सही कारण पता चल पाएगा। मामला वेव सिटी के सेक्टर पांच में शनिवार रात करीब नौ बजे का है। बच्ची के ताऊ जेवर निवासी अमित ने बताया कि उनके भाई नितेश का फोन आया कि वंशिका अब नहीं रही। अमित करीब साढ़े 10 बजे वेव सिटी पहुंच गए।

मृत्यु का कारण पूछा तो नितेश ने कोई सही जवाब नहीं दिया। मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को एमएमजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। अमित ने बताया कि एक साल पहले नितेश ने अपनी प्रेमिका के लिए पत्नी को छोड़ दिया था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# एआई-आधारित साइबर सुरक्षा, खतरे में बाजार की विश्वसनीयता से बड़ा जोखिमः सेबी प्रमुख

» **मुंबई, यूटर्न/ 18 मई।**

सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) के चेयरमैन तुहिन कांता पांडे ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित साइबर सुरक्षा खतरे भारत के वित्तीय बाजारों के सामने सबसे बड़े जोखिमों में से एक बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने बाजार व्यवस्था में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर सिस्टम की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आक्रामक कदम उठाने की जरूरत बताई।

एनडीटीवी प्रॉफिट के साथ बातचीत के दौरान सेबी प्रमुख ने कहा कि फिलहाल एआई टूल्स को लेकर सबसे बड़ी चिंता बाजार में हेरफेर या एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षा कमजोरियों को लेकर है। पांडे ने कहा कि वित्तीय बाजार बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर सिस्टम पर निर्भर हैं और यदि साइबर सुरक्षा ढांचे में कोई कमजोरी रह जाती है तो उसका गलत इस्तेमाल बाजार की विश्वसनीयता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

उन्होंने कहा, 'हाल के समय में एआई टूल्स को लेकर ज्यादातर चिंताएं साइबर सुरक्षा से जुड़ी हैं। जैसा कि आप जानते हैं, बाजार काफी हद तक सॉफ्टवेयर



सिस्टम पर निर्भर करते हैं। अगर साइबर सुरक्षा कमजोर पड़ती है या सॉफ्टवेयर में खामियां मिलती हैं, तो साइबर हमलों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे हमले सफल होने पर बाजार की विश्वसनीयता को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।'

उन्होंने वित्तीय बाजारों में इस्तेमाल होने वाले सभी सॉफ्टवेयर, खासकर थर्ड-पार्टी वेंडर्स द्वारा उपलब्ध कराए गए सिस्टम के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों की जरूरत पर जोर दिया।

पांडे ने कहा, 'नियामकों और बाजार से जुड़े सभी पक्षों को मजबूत सुरक्षा व्यवस्था, आक्रामक पैच मैनेजमेंट और लगातार कमजोरियों की जांच सुनिश्चित करनी होगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'हमें पहले से ही यह सुनिश्चित करना होगा कि जिन भी सॉफ्टवेयर सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है, वे पूरी तरह सुरक्षित हों। इसके लिए कमजोरियों की पहचान करने वाले पारंपरिक सुरक्षा टूल्स का व्यापक इस्तेमाल और समय-समय पर सुरक्षा अपडेट बेहद जरूरी हैं।'

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दुनिया भर में तेजी से विकसित हो रहे एआई सिस्टम को लेकर चिंता बढ़ रही है। माना जा रहा है कि ये सिस्टम सॉफ्टवेयर की कमजोरियों का फायदा उठाने में सक्षम होते जा रहे हैं।

हाल ही में एंथ्रोपिक के मिथोस एआई मॉडल को लेकर भी नियामकीय स्तर पर चिंता बढ़ी है, जो कथित तौर पर प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टम और इंटरनेट ब्राउजर्स में मौजूद कमजोरियों की खुद पहचान कर उनका फायदा उठाने में सक्षम है।

इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी मिथोस एआई से जुड़े संभावित खतरों को लेकर चिंता जाहिर की थी।

## एआरसी कंपनियां भारत की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत बना रही हैंः डीएफएस सचिव



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** भारत की वित्तीय व्यवस्था एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) की बढ़ती भूमिका के कारण पहले से अधिक मजबूत और स्थिर हुई है। यह बात वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम नागराजू ने सोमवार को कही। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एएसआरईसी के लोगो लॉन्च कार्यक्रम के दौरान उद्योग जगत को संबोधित करते हुए नागराजू ने कहा कि एआरसी देश की वित्तीय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरी है। ये कंपनियां बैंकों और वित्तीय संस्थानों की फंसी हुई परिसंपत्तियों के समाधान में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, 'एआरसी बैंकों से गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) खरीदने और बैंकिंग व्यवस्था में भरोसा बहाल करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं।' उन्होंने आगे कहा कि ये संस्थाएं बैंकों की बैलेंस शीट को साफ करने, तरलता बढ़ाने और नए ऋण वितरण पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती हैं, जिससे आर्थिक विकास को समर्थन मिलता है। नागराजू ने कहा कि भारत के वित्तीय क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव आया है। पारदर्शिता, जवाबदेही और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर 96.25 डॉलर पर खुला

**रुपया शुक्रवार को सर्वकालिक निचले स्तर 95.81 पर बंद हुआ था**

**मुंबई, यूटर्न/ 18 मई।** रुपया सोमवार को कमजोर रुख के साथ खुला और शुरूआती कारोबार में अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 96.25 प्रति डॉलर पर आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, वैश्विक अनिश्चितताओं और मजबूत डॉलर के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत अमेरिकी डॉलर और जारी भू-राजनीतिक तनावों ने उभरते बाजारों की मुद्राओं को मुश्किल में डाल दिया है। रुपये पर इस तनाव का असर अब स्पष्ट नजर आ रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.19 प्रति डॉलर पर खुला। फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.25 पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से 44 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 के स्तर तक लुढ़कने के बाद सर्वकालिक निचले स्तर 95.81 पर बंद हुआ था।

### भारतीय बाजार में नई कॉम्पैक्ट एसयूवी पेश करेगी होंडा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** कॉम्पैक्ट एसयूवी की बढ़ती मांग को देखते हुए होंडा ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। होंडा कंपनी वर्ष 2028 तक भारतीय बाजार में एक नई कॉम्पैक्ट एसयूवी पेश करेगी। डब्ल्यूआर-वी के बंद होने के बाद कंपनी की सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में मौजूदगी लगभग खत्म हो गई थी। इस घोषणा से होंडा एक बार फिर इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी खंड में वापसी की तैयारी कर रही है। कंपनी ने अपनी हालिया वित्तीय बैठक के दौरान यह जानकारी साझा की, जो भारतीय ग्राहकों के लिए एक सकारात्मक संकेत है। भारतीय ग्राहकों के बीच कॉम्पैक्ट एसयूवी की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, वे बेहतर ग्राउंड क्लीयरेंस, आधुनिक तकनीक, आरामदायक ड्राइविंग अनुभव और कॉम्पैक्ट आकार के साथ मजबूत उपस्थिति वाली छोटी एसयूवी को प्राथमिकता दे रहे हैं। माना जा रहा है कि नई होंडा एसयूवी में अत्याधुनिक फीचर्स, बेहतर माइलेज और एक आकर्षक डिजाइन देखने को मिलेगा, जो इसे बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। हालांकि, कंपनी ने अभी तक इसके इंजन विकल्पों या अन्य तकनीकी जानकारियों का खुलासा नहीं किया है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और उत्पादों की कमी के कारण होंडा की बिक्री प्रभावित हुई थी, लेकिन उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि सही कीमत और ग्राहकों की उम्मीदों पर खरी उतरने वाली यह नई एसयूवी कंपनी की स्थिति को काफी मजबूत कर सकती है। आने वाले वर्षों में भारत में कॉम्पैक्ट एसयूवी बाजार के और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है.

# एनटीपीसी ग्रुप ने हासिल किया 90 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का बड़ा मुकाम

## 2032 तक 149 गीगावाट का लक्ष्य



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।**

सरकारी बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड समूह ने 90 गीगावाट स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का बड़ा आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि झारखंड में स्थित पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) की यूनिट-2 (800 मेगावाट) के सफल ट्रायल ऑपरेशन के बाद हासिल हुई। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, यह परियोजना 3७800 मेगावाट क्षमता वाली सहायक परियोजना है। बयान में कहा गया कि यह उपलब्धि भारत के लिए टिकाऊ और ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की स्थापना 15 अक्टूबर 2015 को की गई थी। यह एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के बीच संयुक्त उपक्रम है। इसमें एनटीपीसी की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत और झारखंड बिजली वितरण निगम की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

पीवीयूएनएल नई तकनीकों को अपनाकर और संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए पर्यावरण के अनुकूल तरीके से सस्ती और भरोसेमंद बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस नई क्षमता के जुड़ने के बाद अब एनटीपीसी समूह देश भर में 90 गीगावाट से अधिक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता संचालित कर रहा है। कंपनी के पास करीब 32 गीगावाट क्षमता की परियोजनाएं निर्माणाधीन भी हैं।

एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक कुल 149 गीगावाट स्थापित क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त करने की योजना शामिल है। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के अपने लगातार प्रयासों के तहत एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 में सौर, पवन और पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के जरिए 5,488 मेगावाट नवीकरणीय क्षमता जोड़ी है।

का कहना है कि यह 'विकसित भारत' की दिशा में उसकी तेज होती प्रगति को दशार्ता है। एनटीपीसी के विविध ऊर्जा पोर्टफोलियो में तापीय, जलविद्युत, सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं, जिससे देश भर में सस्ती, भरोसेमंद और टिकाऊ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

बिजली उत्पादन के अलावा कंपनी ने ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट-टू-एनर्जी, परमाणु ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में भी विस्तार किया है।

एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अपने समेकित शुद्ध लाभ में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की थी, जिसमें कंपनी का मुनाफा बढ़कर 5,489 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 5,063 करोड़ रुपए था। इसके अलावा बिजली कंपनी ने 10 रुपए फेस वैल्यू वाले प्रति शेयर पर 2.75 रुपए का दूसरा अंतरिम डिविडेंड देने की भी घोषणा की थी।



## होंडा ने मैक्सी स्कूटर एयर ब्लेड भारत में कराया पेटेंट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनी होंडा ने अपने लोकप्रिय मैक्सी-स्कूटर, होंडा एयर ब्लेड, का भारत में पेटेंट दर्ज कराया है। भविष्य में भारतीय ग्राहकों के लिए होंडा कंपनी यह नया स्पोर्टी स्कूटर पेश कर सकती है। वैश्विक बाजारों में, होंडा एयर ब्लेड 125 सीसी और 160 सीसी के दो इंजन विकल्पों के साथ उपलब्ध है। ये दोनों मॉडल अपने आकर्षक स्पोर्टी डिजाइन और आधुनिक फीचर्स के कारण युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। जहां 125 सीसी मॉडल लगभग 11.8 अश्वशक्ति की ताकत प्रदान करता है, वहीं इसका अधिक शक्तिशाली 160 सीसी संस्करण 15.2 अश्वशक्ति तक की शक्ति उत्पन्न करता है।

भारत में कंपनी द्वारा अधिक शक्तिशाली 160 सीसी मॉडल को पेश किए जाने की संभावना है, जो भारतीय सड़कों और ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप होगा। स्कूटर में अंडरबोन फ्रेम दिया गया है, साथ ही टेलीस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन और ड्यूल रियर शॉक एब्जॉर्बर इसे बेहतर राइड क्वालिटी प्रदान करते हैं।

इसका वजन करीब 113 किलोग्राम बताया जा रहा है, जो इसे शहरी ट्रैफिक में भी चलाने में आसान बना सकता है। भारत में मैक्सी-स्कूटर श्रेणी में फिलहाल विकल्प काफी सीमित हैं, ऐसे में होंडा एयर ब्लेड इस सेगमेंट में नई और कड़ी प्रतिस्पर्धा पैदा कर सकता है।

# भारत का निर्यात वित्त वर्ष 27 में एक ट्रिलियन डॉलर पहुंचने की उम्मीदः पीयूष गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत ने अगले पांच वर्षों के लिए 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है, जबकि वित्त वर्ष 2027 के लिए कुल निर्यात लक्ष्य 1 ट्रिलियन डॉलर निर्धारित किया गया है। अमेरिकी टैरिफ विवाद और भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक बाजारों में मौजूद अनिश्चितताओं के बावजूद, वित्त वर्ष 2026 में भारत का कुल वस्तु एवं सेवा निर्यात बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर 863 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

मंत्री ने कहा कि यूक्रेन युद्ध और ईरान युद्ध के कारण मध्य पूर्व तनावों से उत्पन्न वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक उज्ज्वल पक्ष बना हुआ है।



राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) अब वैश्विक व्यापार के दो-तिहाई से अधिक हिस्से को कवर करते हैं।

मंत्री ने यह भी कहा कि ओमान के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता 1 जून से प्रभावी होने की उम्मीद है, जबकि अन्य देशों के साथ हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते भी कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस वर्ष लागू होने की संभावना है। भारत और ओमान ने 18 दिसंबर, 2025 को एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए, जिससे वस्त्रों सहित अधिकांश भारतीय निर्यातों को शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त हुई।

सीईपीए के तहत भारत को ओमान की 98.08 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क पहुंच प्राप्त है, जो मूल्य के हिसाब से भारतीय निर्यातों के 99.38 प्रतिशत को कवर करती है।

भारत अपनी लगभग 78 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क में कटौती करेगा, जो ओमान से आयात के लगभग 95 प्रतिशत को कवर करती है, और संवेदनशील उत्पादों को मुख्य रूप से टैरिफ-दर कोटा के माध्यम से पहुंच प्रदान की जाएगी। मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता नवंबर 2023 में शुरू हुई और पांच दौर की वार्ताओं के बाद अगस्त 2025 में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। भारत और ओमान के बीच व्यापार की कुल मात्रा 2024-25 में 10.61 अरब डॉलर तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

भारत ने संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) ब्लॉक सहित अन्य देशों के साथ व्यापार समझौते लागू कर दिए हैं, जबकि यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम के साथ समझौते इस वर्ष लागू होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा, 'अन्य मुक्त व्यापार समझौते, जिनकी कानूनी पुष्टि प्रक्रिया चल रही है, वे भी जल्द ही लागू होने लगेंगे।'

# पार्किंग में प्रसव मामले में स्वास्थ्य विभाग सख्त, दो कर्मचारी निलंबित

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 मई।**

सेक्टर-3 स्थित फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू)-2 की पार्किंग में गर्भवती महिला की डिलीवरी होने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने शुरुआती कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच में ड्यूटी के दौरान लापरवाही के संकेत मिलने पर एक नर्सिंग स्टाफ और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के खिलाफ यह कदम उठाया गया। मामले की विस्तृत जांच अभी जारी है और रिपोर्ट के आधार पर अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है।




गांव बड़ौली निवासी गर्भवती बलेश को शुक्रवार देर रात प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजन सेक्टर-3 स्थित एफआरयू-2 लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल का इमरजेंसी गेट बंद मिला और काफी देर तक आवाज लगाने के बावजूद कोई स्वास्थ्य कर्मचारी मौके पर नहीं आया। इसी दौरान महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई और उसकी मां को अस्पताल की पार्किंग में मोबाइल फोन की टॉर्च की रोशनी में डिलीवरी करानी पड़ी। परिजनों का कहना है कि प्रसव होने के करीब 15 से 20 मिनट बाद नर्सिंग स्टाफ मौके पर पहुंचा और जच्चा-बच्चा को अस्पताल के अंदर भर्ती कराया गया। महिला के पति देवेंद्र चंदीला ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों की लापरवाही से मां और नवजात दोनों की जान खतरे में पड़ सकती थी।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तेजी से चर्चा में आया। विपक्षी दलों ने भी स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था पर सवाल उठाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के निर्देश पर गठित जांच समिति शनिवार को अस्पताल पहुंची और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की। अधिकारियों ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया तथा उस समय ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ भी की। विभागीय सूत्रों के अनुसार जांच में अन्य कर्मचारियों की भूमिका की भी समीक्षा की जा रही है। सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि प्रथम दृष्टया कुछ कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस के हत्थे चढ़ा बदमाश इंदर त्यागी



**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 मई।** हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में कई दिनों से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी इंदर त्यागी उर्फ पंडित को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने फरीदाबाद के थाना भुपानी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने पुलिस टीम पर तीन फायर किए थे, जिसके जवाब में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, यह मुठभेड़ 17-18 अप्रैल की रात को हुई, जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इंदर त्यागी भुपानी क्षेत्र में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने आरोपित को सरेंडर करने के लिए कहा, उसने पुलिस टीम पर तीन गोलियां चलाईं। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपित के पैर में गोली लग गई। इंदर त्यागी उर्फ पंडित, 10 अप्रैल को थाना सराय ख्वाजा के अंतर्गत मथुरा रोड पर स्थित एक होटल के सामने एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में वांछित था। इस घटना के बाद से वह लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।

### सड़क हादसे में युवक की मौत मामले में चालक गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 18 मई।** सेक्टर-56 थाने की पुलिस ने मार्च माह में गोल्फ कोर्स रोड के सर्विस रोड पर कार की टक्कर से युवक की मौत होने के मामले में रविवार को चालक को काबू किया है। आरोपी कार चालक से वारदात में प्रयोग कार भी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी चालक की पहचान फरीदाबाद निवासी गौरव चौहान (39) के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह 22 मार्च को उसके दोस्त की कार लेकर सेक्टर-56 जा रहा था। कार तेज गति में होने के कारण गोल्फ कोर्स रोड के सर्विस रोड पर पैदल चल रहे युवक को टक्कर लग गई जिससे युवक की मौत हो गई थी। युवक की पहचान कासगंज, यूपी के बीनपुर कलां गांव निवासी विक्रम (38) के रूप में हुई। वह गुरुग्राम में ऑटो चलाता था। मृतक के भाई की शिकायत पर 22 मार्च को सेक्टर-56 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## डेबिट कार्ड बदलकर नूंह में निकाले 40 हजार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 18 मई।** जालसाज ने बिलासपुर के एटीएम बूथ में रुपये निकालने आए युवक का डेबिट कार्ड बदलकर नूंह में जाकर 40 हजार रुपये निकाल लिए। जींद के निडाना गांव निवासी गुलाब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिलासपुर क्षेत्र के पथरेड़ी गांव में किराये पर रहता है। वह एक डिलीवरी कंपनी में हाउसकीपिंग में सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत हैं। 13 मई को पथरेड़ी गांव स्थित सैंट्रल बैंक आफ इंडिया के एटीएम बूथ से रुपये निकालने गया था। इस दौरान एक युवक ने रुपये निकालते समय उसका पिन नंबर देख लिया और झांसे में लेकर डेबिट कार्ड बदल लिया। इसके बाद उसके बैंक खाते से नूंह के तावडू स्थित एक एटीएम बूथ से 40 हजार रुपये निकलने का मैसेज मिला, जिसके बाद उसे कार्ड बदलने के बारे में पता चला और पुलिस को सूचना दी। एसआई व जांच अधिकारी, बिलासपुर थाना घनश्याम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। सोमवार को बैंक शाखा खुलने के बाद एटीएम बूथ की सीसीटीवी फुटेज ली जाएगी। सीसीटीवी फुटेज देखकर डेबिट कार्ड बदलने वाले आरोपी की पहचान की जाएगी।

## औद्योगिक क्षेत्रों में सुधरेगी पार्कों की दशा, यूपीसीडा ने तैयार किया ब्लूप्रिंट

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मई।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक क्षेत्रों के पार्कों कायाकल्प का ब्लू प्रिंट तैयार किया है। इन पार्कों में 7000 पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ मियावाकी पद्धति से पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। यूपीसीडा के डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि पौधरोपण का कार्य संबंधित क्षेत्र के उद्यमियों के साथ मिलकर किया जाएगा। पौधरोपण के साथ ही पार्क के अंदर लाइट, बेंच, फुटपाथ को दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेजा गया है। बीएस रोड स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क को पिकनिक स्पॉट के तौर पर तैयार किया जाएगा। वहीं, साइट फोर साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में जर्जर हो चुके पार्कों को भी संवारा जाएगा। पार्क में पीने के पानी और शौचालयों की भी व्यवस्था की जाएगी। डासना, कविनगर, एसएस जीटी रोड, मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्रों के पार्कों भी सुंदर बनाए जाने की योजना है। इन पार्कों के बनने से यहां काम करने वाले श्रमिकों को भी फायदा मिलेगा।



## गर्मी का कहर बढ़ा, लोग बीमारियों की चपेट में

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मई।**

भीषण गर्मी ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दिन के साथ रात में भी तापमान अधिक रहने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। उमस और गर्म हवाओं के कारण लोग बेचैनी, थकान और नींद की समस्या से जूझ रहे हैं। अस्पतालों की इमरजेंसी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे 82 मरीजों में अधिकांश गर्मी से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित मिले। इनमें डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त, बुखार, पेट दर्द और चक्कर आने जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं।

जिला एमएमजी अस्पताल के फिजीशियन डॉ. संतराम वर्मा का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी का सबसे अधिक असर शरीर में पानी की कमी के रूप में सामने आ रहा है। तेज धूप और लू के कारण लोग जल्दी बीमार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात में भी पर्याप्त ठंडक नहीं मिलने से शरीर को आराम नहीं मिल पाता, जिससे थकान और कमजोरी बनी रहती है। अधिक से अधिक पानी पीएं। डॉ. संतराम का कहना है कि दिनचर्या और खानपान में बदलाव से स्वस्थ रह सकते हैं।

### रात में कम करें मोबाइल फोन और स्क्रीन का प्रयोग

मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. साकेत नाथ तिवारी का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। रात में ठीक से नींद पूरी न होने के कारण लोगों में चिड़चिड़ापन और गुस्सा बढ़ रहा है। कई लोग तनाव, बेचैनी और सिरदर्द की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर अधिक देखने को मिल रहा है।

डॉ. तिवारी के अनुसार मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त नींद लेना बेहद जरूरी है। घर में ठंडा और शांत वातावरण बनाए रखना चाहिए। दिनभर पर्याप्त पानी पीने से शरीर और दिमाग दोनों स्वस्थ रहते हैं। योग और हल्का व्यायाम मानसिक तनाव कम करने में मदद करता है। मोबाइल और स्क्रीन का उपयोग रात में कम करना चाहिए, ताकि नींद बेहतर हो सके।

# अवैध स्विमिंग पूल बने मौत का कुआं: 100 से 300 रुपये प्रति घंटा शुल्क, सुरक्षा जीरो

## मासूम की मौत ने उठाए सवाल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।**

वजीराबाद के जगतपुर गांव में अवैध रूप से संचालित स्विमिंग पूलों की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां 100 से 300 रुपये प्रति घंटा शुल्क लेकर कई स्विमिंग पूल चलाए जा रहे हैं। पर, इनमें न प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर हैं, न लाइफगार्ड है, न लाइफ जैकेट और न ही पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम हैं। 10 वर्षीय संस्कार वर्मा की मौत के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संस्कार के पिता नीरज वर्मा का कहना है कि यदि पूल पर सुरक्षा गार्ड या प्रशिक्षित कर्मचारी मौजूद होते तो शायद उनका बेटा आज जीवित होता। उन्होंने सवाल उठाया कि उनका बेटा गहरे पानी में कब पहुंचा, इसकी जानकारी किसी को क्यों नहीं हुई? हादसे की सूचना मिलने के बाद जब संस्कार के परिजन और स्थानीय लोग मिलन विहार स्थित पूल पहुंचे, तो कथित तौर पर वहां मौजूद प्रभावशाली लोगों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया।

### परिवार ने कहा-जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो

संस्कार के पिता नीरज वर्मा ने बताया कि वह दोस्तों के बच्चों के साथ स्विमिंग के लिए गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना सुरक्षा मानकों के अवैध तरीके से स्विमिंग पूल संचालित किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों की जान खतरे में पड़ रही है। परिवार ने निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**संस्कार को निगल गया स्विमिंग पूल**



### पूल के लिए बोरवेल लगाए गए...प्रशासन ने नहीं की फिक्र

स्थानीय निवासी भी बताते हैं कि पूल संचालकों का क्षेत्र में दबदबा है। उनका भी कहना है कि हादसे के बाद उन्होंने लोगों को पूल के आसपास जाने से भी रोका। स्थानीय लोगों के अनुसार, इलाके में तीन से चार स्विमिंग पूल अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इन पूलों के लिए बड़े पैमाने पर बोरवेल लगाए गए हैं फिर भी प्रशासन ने आंखें मूंद रखी हैं। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है। संस्कार की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

पिता नीरज ने बताया कि शनिवार रात काफी आग्रह के बाद उनके दोस्त महेंद्र बच्चों को स्विमिंग के लिए साथ ले जाने को तैयार हुए थे। पहले बच्चों का जाने का कोई कार्यक्रम नहीं था। दोनों बेटों के लिए 500 रुपये शुल्क भी जमा कराया गया था। अब नीरज उसी फैसले को याद कर खुद को कोस रहे हैं।

### क्या है मामला

दिल्ली के वजीराबाद स्थित जगतपुर गांव के मिलन विहार में रविवार सुबह अवैध रूप से चलाए जा रहे स्विमिंग पूल में डूबकर 10 साल के मासूम की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त संस्कार वर्मा (10) के रूप में हुई है।

# इंद्रप्रस्थ योजना की सड़कें साढ़े करोड़ से होंगी दुरुस्त

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मई।**

इंद्रप्रस्थ योजना में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) सड़कों को बेहतर करेगा। इसमें प्रमुख सड़कों के साथ आंतरिक सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। इस कार्य में करीब साढ़े आठ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जीडीए सचिव विवेक मिश्रा ने बताया कि योजना के पॉकेट-डी में सड़कों का कार्य किया जाना है। यहां टूटी सड़कों को ठीक किया जाएगा। इन कार्यों के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। जल्द ही कंपनी के तय होने के बाद कार्य भी शुरू हो जाएगा।

**7.5 से 18 मीटर की सड़कें होंगी ठीक :** जानकारी के अनुसार योजना के पॉकेट डी में 7.5, 9, 12 और 18 मीटर की सड़कें काफी दिनों से खराब हालत में हैं। इससे यहां दिक्कत होती है। इन सड़कों को ठीक करने में जीडीए 6 करोड़ रुपये खर्च करेगा। साथ ही सड़क के किनारे हरियाली भी बढ़ाई जाएगी। इसी पॉकेट के ईडब्ल्यूएस बी-ब्लॉक की नालियों और सड़कों को ठीक किया जाएगा। यहां भी स्थिति लंबे समय से खराब है। सर्वे के बाद इस कार्य की योजना बनाई गई है। इसमें करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।



**1.40 करोड़ से बनेगा एसटीपी :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निवाड़ी में बने भवनों के लिए 400 केएलडी क्षमता का सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इस योजना पर 1.40 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही इसके लिए निर्माण के साथ साथ पांच साल के रखरखाव की जिम्मेदारी कंपनी की होगी। सचिव ने बताया कि इस कार्य के लिए टेंडर जारी किया गया है।



## योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संवारने का माध्यमः अनिल कपूर

भारत सरकार का आयुष मंत्रालय सोशल मीडिया और विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को योग के फायदे बता रहा है। इतना ही नहीं, योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी कर रहा है। इसी अभियान के तहत आयुष मंत्रालय ने बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर का एक पुराना वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेता योग और फिटनेस को लेकर अपने विचार रखते नजर आ रहे हैं। आयुष मंत्रालय ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि अनिल कपूर योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संवारने और इंसान की क्षमताओं को निखारने वाला माध्यम मानते हैं। वीडियो में अनिल कपूर बताते हैं कि वे हर दिन योग करते हैं और यही उनकी फिटनेस और ऊर्जा का सबसे बड़ा रहस्य है। अभिनेता के अनुसार, योग ने उनके जीवन को बेहतर और समृद्ध बनाया है तथा इसकी मदद से इंसान अपनी पूरी क्षमता के साथ जीवन जी सकता है।



## 'आखिरी सवाल' सिर्फ मनोरंजन नहीं : त्रिधा चौधरी

अपनी आगामी फिल्म 'आखिरी सवाल' को लेकर अभिनेत्री त्रिधा चौधरी और समीरा रेड्डी ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सोचने पर मजबूर करने वाला सिनेमा है। त्रिधा चौधरी ने बताया कि फिल्म में उन्होंने 'सारा' नाम की एक छात्रा का किरदार निभाया है। उनके मुताबिक शैक्षणिक संस्थान केवल पढ़ाई की जगह नहीं होते, बल्कि वहीं से भविष्य के नेता और विचार तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी विचारधारा होती है और वह उस पर पूरा विश्वास रखता है। त्रिधा का मानना है कि सिनेमा समाज में संवाद पैदा करने का सबसे प्रभावी माध्यम है और यह कलाकारों को अपनी बात कहने की आजादी देता है। उन्होंने कहा कि फिल्म का उद्देश्य किसी समाज या वर्ग को बांटना नहीं है, बल्कि लोगों को गंभीर मुद्दों पर सोचने के लिए प्रेरित करना है।

फिल्म यह दिखाने की कोशिश करती है कि विचारधारा किसी भी इंसान के जीवन और फैसलों को किस तरह प्रभावित करती है। त्रिधा ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि सभी कलाकारों और तकनीकी सदस्यों ने इस विषय को जिम्मेदारी के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

# फिल्में सिर्फ समाज सुधार के लिए नहीं, मनोरंजन के लिए भी बनती हैं : सोनाक्षी सिन्हा


अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की अपकमिंग फिल्म 'सिस्टम' रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच प्रमोशन में व्यस्त सोनाक्षी ने सिनेमा के उद्देश्य पर बात की। अपनी स्पष्ट राय रखते हुए उन्होंने बताया कि फिल्मों का एकमात्र मकसद समाज में बदलाव लाना नहीं है। फिल्में सिर्फ समाज सुधारने के लिए नहीं, मनोरंजन के लिए भी बनती हैं।


अभिनेत्री का मानना है कि फिल्में मुख्य रूप से मनोरंजन के लिए बनाई जाती हैं और नैतिक शिक्षा देना फिल्म मेकर्स का काम नहीं है। आईएएनएस से खास बातचीत में सोनाक्षी ने कहा, 'मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि फिल्मों को सिर्फ समाज को सही रास्ते पर लाने का जरिया माना जाए। फिल्में मनोरंजन के लिए भी बनाई जाती हैं। सही और गलत की शिक्षा हमें अपने माता-पिता और स्कूल से मिलनी चाहिए। यह एक्टर्स या फिल्म मेकर्स काम नहीं है।'

सोनाक्षी ने बताया, 'आज हम एक वकील की कहानी बनाएंगे, कल हम एक सीरियल किलर की कहानी बना सकते हैं। इसका यह मतलब नहीं है कि लोग जाकर दूसरों को मारना शुरू कर दें। नैतिक मूल्य और सिद्धांत घर पर सिखाए जाते हैं। यह सिखाना हमारा काम नहीं है।' अभिनेत्री ने स्पष्ट किया कि फिल्मों में 12, 16 या 18 साल के दर्शकों के लिए उम्र के हिसाब से रेटिंग्स होती हैं। दर्शक खुद सही और गलत के बीच फर्क समझने में सक्षम हैं। सोनाक्षी ने बताया, 'कई बार फिल्मों को लेकर बड़ी बहस छिड़ जाती है कि यह गलत है, इसे दिखाना नहीं चाहिए। माफ कीजिए, लेकिन फिल्म एक कहानी है। दर्शकों को फिल्म को मनोरंजन के तौर पर देखना चाहिए। आखिरकार यह सिर्फ एक कहानी होती है।' उन्होंने यह भी कहा कि कला समाज का आईना होती है।

फिल्में अक्सर असल जिंदगी की घटनाओं या सच्ची कहानियों पर आधारित होती हैं। अगर कोई फिल्म 'सिस्टम' की तरह दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दे तो यह अच्छी बात है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हर फिल्म समाज सुधारने की जिम्मेदारी ले। सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'सिस्टम' 22 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म का निर्माण पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और स्मिता बालिगा ने किया है। अश्विनी अय्यर की फिल्म में सोनाक्षी के साथ अभिनेत्री ज्योतिका भी नजर आएंगी।







# धोनी के पड़ोस में बहुमंजिला इमारत बना रहे ईशान किशन

**रांची, यूटर्न/ 18 मई।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन की रांची में एक आलीशान बहुमंजिला इमारत बन रही है। ये इमारत पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के बंगले के ठीक बगल में है। इससे साफ है कि ईशान अब धोनी के पड़ोसी बन जाएंगे। ईशान की ये इमारत नागड़ी अंचल के बन रही है। इसमें 11 मंजिला बनी हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ने इस इमारत के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इस 11 मंजिला भवन में निचले दो फ्लोर व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आरक्षित होंगे, जहां आधुनिक कार्यालय और शोरूम स्थापित किए जाएंगे। वहीं शेष आठ फ्लोर पर रिहायशी फ्लैट बनाये जाएंगे। सबसे अहम बात ये है कि स्वयं महेंद्र सिंह धोनी भी इसमें एक फ्लैट लेने वाले हैं। ईशान के पिता के अनुसार धोनी के घर के पास यह जमीन काफी पहले ही खरीद ली गई थी, और अब 11 मंजिला इमारत के निर्माण को मंजूरी मिल गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य अब पूरी गति से आगे बढ़ेगा और जल्द ही रिंग रोड के किनारे ईशान का यह बहुप्रतीक्षित इमारत बनकर तैयार हो जाएगी। इस परिसर में खेल का मैदान, इंडोर गेम्स की सुविधा, एक भव्य स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम, मेहमानों के लिए गेस्ट हाउस, सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए कम्युनिटी हॉल, हरा-भरा गार्डन, सैलून-पार्लर की सुविधा, मेडिकल स्टोर और डिपार्टमेंटल स्टोर भी एक ही परिसर में रहेंगे।



## ब्रिटेन के सबसे धनी खिलाड़ियों में शामिल हैं बेकहम

**लंदन, यूटर्न/ 18 मई।** इंग्लैंड की फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम खेल के साथ ही कमाई के मामले में भी अव्वल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार बेकहम अब ब्रिटेन के सबसे धनी खिलाड़ियों में आ गये हैं उनकी संपत्ति एक अरब पाउंड से ऊपर निकल गयी है। बेकहम और उनकी पत्नी विक्टोरिया की कुल संपत्ति 1.185 अरब पाउंड तक पहुंच गई है। इससे वह संपत्ति के मामले में शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हो गये हैं।

बेकहम को कई जगह से आय होती है। वह अभी अमेरिकन क्लब इंटर मियामी के सह-मालिक हैं, जिसे मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) की सबसे कीमती फ्रेंचाइजी माना जाता है। इस क्लब की अनुमानित कीमत 1.45 अरब डॉलर (लगभग 1.07 अरब पाउंड) है, जो खेल प्रबंधन में बेकहम की दूरदर्शिता और निवेश की सफलता को दर्शाता है।

बेकहम एडिडास और 'गो बॉस जैसी वैश्विक कंपनियों के ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी भारी कमाई करते हैं। उनकी पत्नी विक्टोरिया बेकहम की दौलत मुख्य रूप से उनके सफल फैशन लेबल से आती है। स्पाइस गर्ल्स की सदस्य के रूप में अपनी शुरूआती प्रसिद्धि के बाद, विक्टोरिया ने एक सफल उद्यमी और फैशन डिजाइनर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

# चीन में जानलेवा भूकंप: दो की मौत, कई इमारतें बनीं मलबा

5.2 की तीव्रता वाले भूकंप ने मचाई तबाही

» बीजिंग, यूटर्न/ 18 मई।



दक्षिण चीन के गुयांग्झी स्वायत्त क्षेत्र में सोमवार तड़के आए एक तेज भूकंप ने भारी तबाही मचाई है, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर 5.2 की तीव्रता वाले इस भूकंप के कारण कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति अभी भी लापता बताया जा रहा है। इसके साथ ही कई लोगों के घायल होने की भी खबर है, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, भूकंप के यह जोरदार झटके सोमवार रात 12 बजकर 21 मिनट पर महसूस किए गए। इस प्राकृतिक आपदा का मुख्य केंद्र लिउझोउ शहर के लिउनान जिले के अंतर्गत आने वाले ताइयांगचुन कस्बे के पास था। भूगर्भ वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस भूकंप की गहराई जमीन से केवल 8 किलोमीटर नीचे थी। गहराई काफी कम होने की वजह से झटके बेहद तेज और विनाशकारी महसूस किए गए, जिससे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि इस भीषण भूकंप के कारण इलाके की कम से कम 13 इमारतें पूरी तरह से जमींदोज हो गईं। हादसे के बाद मुस्तैदी दिखाते हुए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर 7,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। प्रभावित क्षेत्र में कई अन्य घरों और इमारतों को भी आंशिक नुकसान पहुंचने की खबर है, जिसके बाद राहत और बचाव दल लगातार मलबे को हटाने और लापता लोगों की तलाश में अभियान चला रहे हैं।

प्रशासन के मुताबिक, वर्तमान में चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस भूकंप का असर सिर्फ लिउझोउ तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गुआंगशी क्षेत्र के कई बड़े शहरों, जिनमें नानजिंग और गुइलिन भी शामिल हैं, वहां भी धरती बुरी तरह कांपी। देर रात आए इन झटकों के कारण लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए।

## संक्षिप्त खबरें

### कतर और कुवैत ने सऊदी अरब पर ड्रोन हमले की निंदा की

**दोहा, यूटर्न/ 18 मई।** कतर और कुवैत ने सऊदी अरब पर किए गए ड्रोन हमलों की निंदा की है। दोनों देशों ने अलग-अलग बयान जारी कर इसे क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालने वाला बताया है। कुवैत ने अंतरराष्ट्रीय नियमों का हवाला देते हुए कहा, 'यह घुसपैठ मार्च में खाड़ी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए पारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 का उल्लंघन है।' साथ ही, उसने सऊदी अरब की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के प्रति अपना समर्थन जताया। कतर ने इस घटना को 'अस्वीकार्य आक्रमण' बताया और इसे सऊदी अरब की संप्रभुता का सीधा उल्लंघन कहा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कतर सऊदी अरब के साथ पूरी तरह खड़ा है और उसकी सुरक्षा, संप्रभुता तथा अपने नागरिकों और निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले हर कदम का समर्थन करता है।

### अमेरिका के शिकागो में सड़क हादसे में एक भारतीय छात्रा की मौत

**शिकागो, यूटर्न/ 18 मई।** अमेरिका में शिकागो के पास एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय भारतीय छात्रा की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। इसकी पुष्टि सोमवार को अधिकारियों ने की। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना शनिवार देर रात (अमेरिकी समयानुसार) इंडियाना के लेक काउंटी में क्राउन पॉइंट के पास इंटरस्टेट 65 राजमार्ग पर हुई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मृत छात्रा की पहचान नव्या गड्डुसु के रूप में हुई है। लेक काउंटी कोरोनर कार्यालय ने पुष्टि की है कि रविवार को रात 12:16 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में गंभीर चोट लगने की वजह से गड्डुसु की मौत हो गई।

## अमेरिका में एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान टकराए, पायलट सुरक्षित बाहर निकले

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 18 मई।** अमेरिका के इडाहो प्रांत में आयोजित एक एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान हवा में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गये, गनीमत रही दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए। अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मियों की हालत स्थिर है। बीबीसी की एक रिपोर्ट में अमेरिकी नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बोइंग ईए-18जी ग्राउलर विमान हवाई प्रदर्शन के दौरान एक-दूसरे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गये। गनीमत रही कि समय रहते पायलट सुरक्षित बाहर निकल आये। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कोई चोट आई है या नहीं। यह दुर्घटना रविवार को 'गनफाइटर स्काइज एयर शो' के दूसरे और अंतिम दिन हुई। एयर शो माउंटेन होम एयर फोर्स बेस से लगभग 3.2 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आयोजित किया गया था। हादसे के बाद मौके पर आग लग गयी और एयर बेस को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। इसके साथ ही एयर शो के बाकी कार्यक्रम रद्द कर दिए गये। मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। माउंटेन होम एयर फोर्स बेस गनफाइटर्स ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा, 'घटना में शामिल चालक दल के सदस्य स्थिर स्थिति में हैं। बयान में कहा गया, 'हम सभी आगंतुकों का उनके धैर्य और सहयोग के लिए धन्यवाद करते हैं, जिसकी वजह से हम तेजी और सुरक्षित तरीके से स्थिति से निपट सके।

## भारत और नॉर्वे की ग्रीन रणनीतिक साझेदारी पूरे विश्व के लिए लाभदायक होगी : मोदी

» ओस्लो, यूटर्न/ 18 मई।



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नॉर्वे की यात्रा पर हैं। नॉर्वे में भारतीय समुदाय के लोगों ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर से मुलाकात की और द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए। बैठक में शामिल होने के बाद दोनों देशों के नेताओं ने अपना संबोधन दिया।

पीएम मोदी ने कहा, 'नॉर्वे की यात्रा करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह देश नेचर और मानवीय विकास के बीच हार्मनी का एक सुंदर उदाहरण है। इस आत्मीयता भरे स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।'

पीएम मोदी ने कहा, 'कल नॉर्वे के संविधान दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से यहां की जनता को शुभकामनाएं देता हूं। मैं पिछले साल नॉर्वे आने वाला था, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण वह यात्रा स्थगित करनी पड़ी थी। उस कठिन समय में नॉर्वे ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होकर सच्ची मित्रता का परिचय दिया। आज जब मैं नार्वे आया हूं, तो मैं इस एकजुटता के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।'

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'आज विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के एक नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे हैं। पिछले साल भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार एसोसिएशन ने एक ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी लागू किया। यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच एक साझा विकास सुनिश्चित करने के ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में अगले 15 साल में भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश और 1 मिलियन नौकरी बनाने का लक्ष्य है। इस समझौते को परिणाम में बदलने के लिए हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। आज हम भारत नॉर्वे संबंधों को एक ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप का स्वरूप दे रहे हैं।' उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से क्लीन एनर्जी से लेकर क्लाइमेट रेजिलिएंस, ब्लू इकोनॉमी से लेकर ग्रीन शिपिंग तक हर क्षेत्र में भारत की स्केल, स्पीड और टैलेंट को नॉर्वे की तकनीक और कैपिटल के साथ जोड़कर हमारी कंपनियां ग्लोबल समाधान निकालेंगी। रिसर्च, एजुकेशन और इनोवेशन भी हमारे संबंधों के मजबूत स्तंभ बने हैं।

आज हमने सस्टेनिबिलिटी, ओसिएन एनर्जी, जियोलॉजी और हेल्थ जैसे क्षेत्रों में रिसर्च सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। इंजीनियरिंग, एआई, साइबर और डिजिटल क्षेत्रों में हम अपनी यूनिवर्सिटी और स्टार्टअप इकोसिस्टम को जोड़कर अपनी पार्टनरशिप को फ्यूचर-रेडी बनाएंगे।

## भारतीय एजेंसियां अल-कायदा से जुड़े संगठनों की गतिविधियों पर रख रहीं पूरी नजर



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मई।** अल-कायदा से जुड़े संगठन अंसार अल-इस्लाम (एएआई) के दोबारा सक्रिय होने की आशंकाओं के बीच भारतीय खुफिया एजेंसियां उन पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। यह संगठन 2021 में इराक में स्थापित हुआ था और शुरू में इसने धर्मनिरपेक्ष कुर्द गुटों और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इस संगठन का इराकी ढांचा काफी हद तक बिखर चुका है, लेकिन इसका बांग्लादेश स्थित विंग अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) फिर से सक्रिय होने के संकेत दे रहा है। एक खुफिया ब्यूरो अधिकारी ने बताया कि फिलहाल एबीटी जमीनी स्तर पर बहुत सक्रिय नहीं है, और यह एक रणनीति के तहत जानबूझकर 'लो-प्रोफाइल' बना हुआ है ताकि उस पर ध्यान कम जाए। हालांकि, संगठन की ऑनलाइन गतिविधियां काफी तेज हैं और वह भारतीयों को निशाने पर रख रिक्रूटमेंट की कोशिश कर रहा है। अधिकारी के अनुसार एबीटी अपने पाकिस्तानी समकक्ष एएआई पाकिस्तान के साथ भी करीबी तालमेल में काम कर रहा है। दोनों संगठन मिलकर भर्ती गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें मुख्य फोकस भारत पर है। इन दोनों संगठनों का इतिहास हिंसक और कट्टरपंथी गतिविधियों से जुड़ा रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि एएआई पाकिस्तान की तुलना में एबीटी ज्यादा खतरनाक है। बांग्लादेश में कड़े दमन के बाद एबीटी की जमीन पर गतिविधियां काफी सीमित हो गई हैं, इसलिए यह अब ऑनलाइन गतिविधियों के जरिए सक्रिय है।

## यूएस सेना ने कहा- आधुनिक युद्ध में ड्रोन और एआई की बढ़ेगी भूमिका

» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 18 मई।



अमेरिकी सेना ने लॉमेकर्स को सचेत करते हुए कहा है कि ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मानव रहित (अनमैन्ड) सिस्टम आधुनिक युद्ध का तरीका बेहद तेजी से बदल रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सामने पेश होते हुए सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन और मध्य पूर्व के युद्धों से यह पूरी तरह साफ हो गया है कि भविष्य की लड़ाइयों में सस्ते, अत्यधिक सटीक और बड़ी संख्या में इस्तेमाल किए जा सकने वाले हथियारों की भूमिका सबसे अहम होगी। अमेरिकी सेना के सचिव डैनियल ड्रिस्कॉल ने कहा कि जो सेनाएं खुद को तकनीक के इस दौर में समय के हिसाब से नहीं बदलेंगी, वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में काफी पीछे छूट जाएंगी।

अमेरिकी सेना के 2027 के बजट पर हुई एक तीखी सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका अब भविष्य में विशेषकर इंडो-पैसिफिक (हिंद-प्रशांत) क्षेत्र में संभावित संघर्षों को ध्यान में रखकर अपनी युद्ध रणनीति और ट्रेनिंग में बदलाव कर रहा है। सेना के जनरल क्रिस्टोफर लानेव ने कहा कि युद्ध के मैदानों से मिल रहे लाइव अनुभवों को बहुत तेजी से सैनिकों की ट्रेनिंग में शामिल किया जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिकी सेना ने फोर्ट कार्सन में ऑपरेशन जेलब्रेक नाम से एक बड़ा प्रोजेक्ट भी शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत रक्षा कंपनियां और सैन्य इंजीनियर मिलकर उन सॉफ्टवेयर बाधाओं को हटाने में जुटे हैं, जो अलग-अलग सैन्य प्रणालियों के बीच युद्ध संबंधी खुफिया जानकारी तुरंत साझा करने में रुकावट बनती हैं। सुनवाई के दौरान लॉमेकर्स ने छोटे ड्रोन खरीदने के लिए प्रस्तावित बजट में कमी पर चिंता जताई।

## नेपाल में चीन की योजना फेल- 9 साल बाद भी नहीं हुई शुरू

» काठमांडू, यूटर्न/ 18 मई।



काठमांडू से आई एक ताजा रिपोर्ट ने चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की जमीनी हकीकत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नेपाल ने वर्ष 2017 में चीन के साथ बड़े सपनों और उम्मीदों के साथ बीआरआई समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

लेकिन इस समझौते के नौ साल बाद भी जमीन पर कोई बड़ा प्रोजेक्ट आकार नहीं ले सका है और नेपाल के हाथ अब तक लगभग खाली हैं। नेपाल और चीन के बीच 12 मई 2017 को इस ऐतिहासिक समझौते के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिससे नेपाल में इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बड़े बदलाव की उम्मीद थी। हालांकि, वर्ष 2026 तक के मौजूदा हालात यह साफ बयां करते हैं कि कोई भी प्रमुख परियोजना अब तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है।

इस बीच दोनों देशों के बीच पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर भी गहरा विवाद खड़ा हो गया है। चीन ने पश्चिमी नेपाल में बने इस एयरपोर्ट को बीआरआई की एक बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रचारित करने की कोशिश की, लेकिन नेपाल सरकार ने इसे बीआरआई परियोजना मानने से साफ इनकार कर दिया। नेपाल का रुख स्पष्ट है कि पोखरा एयरपोर्ट पर बातचीत चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा 2013 में बीआरआई की घोषणा करने से पहले ही शुरू हो चुकी थी। नेपाल के तत्कालीन विदेश मंत्री एन पी सऊद ने भी संसद में यह स्वीकार किया था कि देश में एक भी बीआरआई प्रोजेक्ट जमीन पर नहीं उतर सका है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *